## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. पूरे देश के साथ आज द्वीपसमूह में भी संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. अंबेडकर की एक सौ छत्तीसवीं जयंती मनाई जा रही है।
2. अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल ने कहा कि यह दिन उनके साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा के प्रति एक श्रद्धांजलि है।
3. यूटी आत्मा के अंतर–विभागीय कार्य समूह की बैठक आयोजित कर भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई।
4. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा– द्वीपसमूह में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ आज द्वीपसमूह में भी भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बी. आर. अंबेडकर की एक सौ छत्तीसवीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे हैं। बोधिसत्व अंबेडकर सांस्कृतिक संघ, गोलघर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सुबह आठ बजे संघ के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आर्थिक नीति और बुनियादी ढांचे से लेकर संवैधानिक कानून तक डॉ. अंबेडकर के बहुआयामी योगदान ने एक राष्ट्र–निर्माता के रूप में उनकी विरासत को सुदृढ़ किया। आज का दिन उनके उल्लेखनीय योगदानों, विशेष रूप से सामाजिक न्याय, समानता और भारतीय संविधान के निर्माण के क्षेत्र में उनके कार्यों का सम्मान करने के लिए बहुत महत्व रखता है। डॉ. बी. आर. अंबेडकर को वर्ष उन्नीस सौ नब्बे में मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था।

<><><><><><><>

अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सभी अग्निशमन कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। इस वर्ष का विषय 'सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति

जागरूक समाज – अग्नि निवारण के लिए एकजुट' है। यह दिवस उन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने चौदह अप्रैल उन्नीस सौ चवालीस को मुंबई डॉक विस्फोट के दौरान राष्ट्र की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। यह दिन उनके साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा के प्रति एक श्रद्धांजलि है। अपने संदेश में उन्होंने अंडमान निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा की आपातकालीन प्रतिक्रिया, अग्नि निवारण पहल और सामुदायिक संपर्क में उनके अनुकरणीय कौशल की सराहना की है। उप–राज्यपाल ने बताया कि अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा प्रशिक्षण केंद्र, श्री विजयपुरम को 'एक्सटर्नल सब–ऑफिसर' पाठ्यक्रम के लिए राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज, नागपुर के राज्य प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मान्यता मिली है।

<><><><><><><>

पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र के हितधारकों के साथ मजबूत सहयोग के माध्यम से स्थानीय स्तर पर निर्मित स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा देने के अवसरों की तलाश करना था। बैठक में पर्यटन निकायों, होटल संघों, कैब संचालकों और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति और प्रचार के लिए स्वयं सहायता समूहों और होटल–कैब संचालकों के बीच तालमेल पर चर्चा की गई। होटलों और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए बिक्री आउटलेट और डिस्प्ले काउंटर स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

<><><><><><><>

कृषि, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा सचिव और आईडीडब्ल्यूजी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में कल सचिवालय में केंद्र शासित प्रदेश कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के अंतर–विभागीय कार्य समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के दौरान 'आत्मा' की भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा करना और राज्य स्तरीय मंजूरी समिति द्वारा अनुमोदन के लिए वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए राज्य विस्तार कार्य योजना की सिफारिश करना था। बैठक के दौरान कृषि संयुक्त निदेशक ने विस्तार सुधारों की गतिविधियों और आईडीडब्ल्यूजी के एजेंडे पर विस्तृत प्रस्तुति दी। अध्यक्ष ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि पिछले वर्ष की कमियों को दूर कर वर्तमान वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में प्रस्तावित लक्ष्यों और गतिविधियों को योजनाबद्ध तरीके से समय पर पूरा किया जाए। इस अवसर पर संबंधित उपायुक्तों की अध्यक्षता में तीनों जिलों में जिला किसान सलाहकार समितियों के गठन और 'आत्मा' के सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश जारी किए गए। राज्य विस्तार कार्य योजना

संबंधित विभागों और विभिन्न संस्थानों के परामर्श से प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने, स्पाइस प्रवाह पहल, मसाला खेती, कृषि प्रदर्शनी, और मेलों का आयोजन, सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार आदि पर चर्चा की गई।

<><><><><><><><><>

एम.वी. नालंदा को कोलकाता सेक्टर में तैनात किए जाने के कारण, लिटिल अंडमान के लिए इस जहाज की उन्नीस अप्रैल की पूर्व निर्धारित यात्रा को रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में जहाजरानी सेवा निदेशालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए, वैकल्पिक व्यवस्था की है। अब जहाज एम.वी. भारत सीमा उन्नीस अप्रैल को सुबह आठ बजे लिटिल अंडमान के लिए प्रस्थान करेगा और उसी दिन रात नौ बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए वापस रवाना होगा। यात्रियों को एम.वी. नालंदा के टिकट रद्द कर एम.वी. भारत सीमा के लिए नए टिकट खरीदने को कहा गया है। टिकटों की बुकिंग सोलह अप्रैल सुबह नौ बजे से ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए क्यू आर कोड भी उपलब्ध है। इसके अलावा, टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी खरीदे जा सकते हैं।

<><><><><><><><><>

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा है कि द्वीपसमूह में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। राज्य स्तरीय समन्वयक राकेश कुमार ने कहा कि आईओसीएल आपूर्ति की स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है। श्री विजयपुरम स्थित इसके प्रतिष्ठानों में 'पीओएल' और एलपीजी की आपूर्ति निर्बाध बनी हुई है। वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के दौरान घरेलू एलपीजी में चार दशमलाव आठ सात प्रतिशत और गैर–घरेलू एलपीजी में बीस दशमलव दो एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उपभोक्ताओं को एसएमएस, मिस्ड कॉल या आईवीआरएस के माध्यम से रिफिल बुक करने को कहा गया है। प्रवासी श्रमिकों और छात्रों के लिए, वैध सरकारी फोटो पहचान पत्र और स्व–घोषणा जमा करने पर अधिकृत 'इंडेन' वितरकों के माध्यम से पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पच्चीस दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में पैंतालीस दिन के बाद ही अगली रिफिल की बुकिंग कराई जा सकती है। प्रशासन और आईओसीएल कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। जानकारी के लिए नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

<><><><><><><><><>

आई सी डी एस परियोजना, फरारगंज के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिका के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की सूची बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय और संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। इस संबंध में दावे या आपत्तियां पांच दिनों के भीतर जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास और आंसू गैस के गोले का प्रदर्शन किया जाएगा। अभ्यास आज के अलावा सोलह, अट्ठारह और इक्कीस अप्रैल को सुबह छः बजे से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से अप्रैल माह के लिए दक्षिण अंडमान के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कल से विशेष आधार शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं। शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक लगेगी।

<><><><><><><>